# ITL CELEBRATES HINDI DIWAS

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Title of the activity | हिंदी दिवस समारोह का आयोजन |
| 2. | Date of the activity | **14 सितंबर 2025** |
| 3. | Organized by | आई॰ टी॰ एल॰ पब्लिक स्कूल |
| 4. | Participated by | Students of Classes I - XII |
| 5. | Facilitators | Class Teachers and Coordinators |
| 6. | SDGs Incorporated | SDG 4 Quality Education |
| 7. | Description of the activity | **आचार की भाषा, विचार की भाषा, हिंदी मेरे राष्ट्र की भाषा।**<br>जन–जन की आशा है हिंदी<br>भारत की भाषा है हिंदी।<br>जात–पात के बंधन तोड़े।<br>हिंदी सारे देश को जोड़े।<br><br>विगत अनेक वर्षो की भाँति इस वर्ष भी आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल राष्ट्रभाषा हिंदी के सम्मान में अग्रसर होते हुए विद्यालय में **हिंदी दिवस 14 सितंबर 2025** का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया है। राष्ट्रभाषा का सम्मान, राष्ट्र का सम्मान को परिभाषित करते हुए अनेक दिलचस्प गतिविधियाँ आयोजित की गई। इन गतिविधियों में विदयार्थियों का उत्साह अत्यंत प्रशंसनीय रहा।<br><br>कक्षा छठीं ने अत्यंत रोचक व भावपूर्ण गतिविधि **'मैं हूँ अभिनेता'** प्रस्तुत की थी। इस गतिविधि में अनेक कवियों की वेशभूषा में काव्य रचना प्रस्तुत की। विद्यार्थियों की प्रस्तुति प्रशंसनीय रही। सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने **'काव्य तरंग'** गतिविधि की और प्रकृति के उपादानों का प्रयोग कर स्वरचित कविता का मनमोहक प्रस्तुतिकरण दिया। कक्षा आठवीं के छात्रों ने **'मैं हूँ रिर्पोटर'** के अंतर्गत रिर्पोटर बनकर ख़बरों को प्रस्तुत किया। कक्षा नवीं ने **'यात्रा वृतांत'** के अंतर्गत स्वयं द्वारा की गई यात्रा के अनुभवों को सुंदर चित्रों द्वारा सुसज्जित करके पी०पी०टी० के माध्यम से प्रस्तुत किया। सभी विद्यार्थियों का अंदाज बड़ा ही अनूठा और आनंदित करने वाला था। सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों की शत–प्रतिशत भागीदारी सराहनीय रही।<br><br># हिंदी बड़ी महान है<br># हिंदी देश की शान है<br>हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। |


14 सितंबर
क
हिंदी
दिवस
ख


मेरे संस्मरण
मेरी जुबानी
( यात्रा वृतांत )